कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenuispat.com, Website: www.kamdhenuispat.com, www.colourdreamz.com   www.facebook.com/kamdhenuispatlimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–01, जनवरी 2016

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## कामधेनु ने जीता वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्राण्ड अवार्ड






भारतीय निर्माण क्षेत्र की सर्वाधिक सम्मानित और विकासोन्मुखी कंपनी कामधेनु इस्पात लिमिटेड के लिये लगातार सफलताओं का सिलसिला वर्ष 2015 में भी क़ायम रहा। एक ऐसे दौर में जब निर्माण सेक्टर के विकास की दर धीमी रही फिर भी कामधेनु ने बहुत ही प्रभावशाली दर से विकास दर्ज़ किया है। 2015 में कंपनी ने नये उत्पादों को भी लांच किया है और विदेश के बाज़ारों में भी मज़बूत उपस्थिति दर्ज की है। भारतीय निर्माण सामग्री बाज़ार के सबसे प्रभावी ब्राण्ड के रूप में खुद को स्थापित कर चुके ब्राण्ड कामधेनु को अब विश्व स्तर पर भी स्वीकारा और सराहा जाने लगा है।

दिसंबर महीने में जुमेरियाह, दुबई में आयोजित सितारों से भरे समारोह में आयरन व स्टील सेग्मेंट में **वर्ल्ड ग्रेटेस्ट ब्रैंड, 2015 –एशिया एंड जीसीसी** अवार्ड कामधेनु को दिया गया जिसे कम्पनी के डायरेक्टर श्री सुनील अग्रवाल एवं श्री सौरभ अग्रवाल ने ग्रहण किया। यह अवार्ड समारोह भारत–यूएई बिजनेस समिट 2015 का हिस्सा था जिसमें समूचे एशिया के बिजनेस, राजनीति, खेल, मनोरंजन एवं फ़ैशन जैसे विविध क्षेत्रों के गणमान्य एवं प्रभावशाली लोग उपस्थित थे। अवार्ड देने के लिये तय विभिन्न मानदंडों; जैसे कि, कंपनी की लगातार बढ़ रही ब्राण्ड इक्विटी, श्रेष्ठ कार्य पद्धति, आविष्कारी तौर तरीक़े, बाज़ार तक तेज पहुॅंच और उपभोक्ता की प्रसन्नता के आधार पर चुन कर ही आयरन और स्टील सेग्मेंट में कामधेनु को ग्रेटेस्ट ब्राण्ड घोषित किया गया है।

कामधेनु के लिये अवार्ड समारोह का यह अवसर दुगुनी खुशी का बन गया जब कंपनी के निर्देशक श्री सुनील अग्रवाल को **वर्ल्ड ग्रेटेस्ट लीडर, 2015 –एशिया एंड जीसीसी** अवार्ड से सम्मानित किया गया। श्री सुनील अग्रवाल कामधेनु इस्पात लिमिटेड की स्थापना के समय से ही अपने श्रेष्ठ नेतृत्व क्षमता द्वारा कंपनी को तरक्की की राह पर आगे ले जा रहे हैं।

कामधेनु के फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल की परिकल्पा उनकी प्रतिभा का जीवंत उदाहरण है, जिसके तहत कंपनी ने देश के विभिन्न भागों में टीएमटी का उत्पादन करने वाली सक्षम कंपनियों को बेहतर तकनीक, प्रशिक्षण तथा बाज़ार पहुॅंच उपलब्ध कराया है। फ्रैंचाइजी बिजनेस मॉडल के तहत कामधेनु आज 50 से अधिक कंपनियों को साथ जोड़ते हुये तेज़ तरक्की की ओर ले जा रहा है, साथ ही देश भर के उपभोक्ताओं तक उच्च गुणवत्ता के कामधेनु टीएमटी की पहुॅंच सुनिश्चित कर रहा है। कंपनी तथा निदेशक दोनो को मिले इन अवाड्‌र्स को कामधेनु की श्रेष्ठ गुणवत्ता और बाज़ार रणनीति की विश्व कॉर्पोरेट जगत द्वारा की गई सराहना के रूप में देखा जा सकता है।

अवार्ड ग्रहण करते हुये श्री सुनील अग्रवाल ने अपने औपचारिक वक्तव्य में कहा, "इस अवार्ड ने श्रेष्ठता के लिये हमारी प्रतिबद्धता को नई ऊर्जा से भर दिया है और हमें अपने उपभोक्ताओं के लिये आयरन तथा स्टील समाधान के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सेवायें देने के लिये नई प्रेरणा दे रहा है। प्रखर प्रतिभासंपन्न लोगों एवं अत्याधुनिक तकनीक को साथ लेकर कामधेनु बेहतरीन व आविष्कारी उत्पादों को उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रयासरत है। आप सबकी ज़िंदगी का एक हिस्सा बनने के सफ़र में कामधेनु स्थापना के दिनों से लेकर आज तक बिना रूके आगे बढ़ता रहा है। कामधेनु की यह यात्रा जारी रहने वाली है और आगे भी करोड़ों ज़िंदगियों को हमें छूना है।"

# भारतीय शहरों में प्रदूषण के खिलाफ मुहिम







विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दिल्ली विश्व का सबसे प्रदूषित शहरों में से एक बन चुका है। इसके अलावा भी कई भारतीय शहरों में प्रदूषण का स्तर काफी ऊपर पाया गया है। बढ़ते प्रदूषण से होनी वाली स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुये दिल्ली उच्च न्यायालय ने क़दम उठाने का निर्देश दिया था। जिसके हल के रूप में दिल्ली में 1 जनवरी 2016 से ऑड–इवन फॉमूला लागू किया गया।

ऑड–इवन फॉर्मूला के तहत कार की नंबर प्लेट पर अंतिम संख्या के सम अथवा विषम होने के अनुसार सम या विषम तारीख पर उसे चलाने की इज़ाजत दी गई थी। सीएनजी चालित वाहनों, व्यावसायिक वाहनों तथा दुपहियों को इस नियम से मुक्त रखा गया था। ट्रायल बेसिस पर शुरू इस नियम के कारण 15 जनवरी तक रविवार को छोड़ हर दिन ऑड–इवन फॉर्मूला लागू रहा और इसे जनता का भी भरपूर सहयोग मिला। इसी प्रकार मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में प्रशासन कार–पूलिंग पर ख़ासा ज़ोर दे रही है। हरियाणा के रोहतक में भी ट्रैफिक पर सम–विषम फॉमूला लागू किये जाने की योजना है इसका पहला प्रयोग ऑटो वाहन पर किया जाएगा।



# प्रधानमंत्री का रूस दौरा

23 दिसंबर 2015 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर रूस पहुंचे। राजधानी मास्को पहुंचते ही उनका स्वागत गॉड ऑफ ऑनर सम्मान देकर किया गया। इस यात्रा के दौरान श्री मोदी 16वें भारत–रूस शिखर वार्ता में शामिल हुये। साथ ही इस दौरान श्री मोदी और रूस के राष्ट्रपति ब्लामिदीर पुतिन ने भारतीय और रूसी कंपनियों के सी.ई.ओ. के प्रतिनिधिमंडल से क्रेमलिन में एक साथ मुलाकात की।

रूस यात्रा के दौरान रक्षा सौदों पर ख़ासा ज़ोर था, साथ ही श्री मोदी ने मुक्त व्यापार समझौते एफटीए पर भी राष्ट्रपति ब्लामिदीर पुतिन से गहन चर्चा की। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार भारत लीज पर रूस से दूसरी परमाणु पनडुब्बी हासिल करने में जुटा हुआ है। इसके साथ ही, रूसी एस–400 ट्रम्फ एयर डिफेंस मिसाईलें प्रणाली को खरीदने का रास्ता भी साफ हो गया है। इस प्रणाली की कीमत 40 हज़ार करोड़ है। दोनो देशों में यह पहले ही तय हो गया है कि रूस भारत में 12 न्यूक्लियर प्लांट लगाएगा।



# प्रधानमंत्री मोदी का ऐतिहासिक अफगानिस्तान दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस का ऐतिहासिक दौरा करके सीधे अफगानिस्तान की धरती पर पहुंचे। यहाँ अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में राष्ट्रपति अशरफ गनी ने प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत खुद किया। अफगानिस्तान की संसद की नई इमारत का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी विशेष रूप से यहां पधारे थे। क़रीब 600 करोड़ की लागत से बनी अफगानी संसद भवन के एक मुख्य ब्लॉक का नाम अफगानिस्तान सरकार ने पूर्व भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के सम्मान में अटल ब्लॉक रखा गया है। यह सम्मान पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के भारत–अफगानिस्तान के रिश्तों में निभाई अहम भूमिका की याद का एक प्रतीक है।

इस नए संसद भवन के निर्माण में भारत ने अफगानिस्तान को आर्थिक मदद दी है। इस इमारत को भारत की ओर से अफगानिस्तान को लोकतंत्र की प्रतीकात्मक भेंट बताया जा रहा है। काबुल पहुंचने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ट्वीट किया मैं काबुल में अपने दोस्तों के बीच पहुंच गया हूँ। भारत ने अफगानिस्तान को भरपूर मदद और पुनर्निर्माण के लिए 2 अरब डॉलर की सहायता की है इसके अलावा वहाँ के अधिकारियों को भारत लगातार ट्रेनिंग देता रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी।



# जम्मू–कश्मीर में कामधेनु पेंट्स का उत्पादन शुरू

आधुनिक पीढ़ी की पसंद, कामधेनु पेंट्स आज भारतीय सजावटी पेंट बाज़ार में मज़बूती से स्थापित हो चुकी है। भारतीय उपभाक्ताओं को अपने मनपसंद के विभिन्न रंग चुनने का विकल्प देने वाला कामधेनु पेंट्स आज भारत में सबसे तेज़ी से विकास करने वाली सजावटी पेंट्स सेक्टर की कंपनी है। प्रतियोगी कीमत पर सबसे अच्छी गुणवत्ता मुहैया कराने के लक्ष्य के साथ कामधेनु पेंट का उत्पादन चौपांकी, भिवाड़ी में स्थित अत्याधुनिक विश्वस्तरीय फैक्टरी में किया जाता है। कामधेनु पेंट्स के उत्पादों में एक्सटीरियर इमल्शंस, इंटीरियर इमल्शंस, एक्रिलिक डिस्टेंपर्स, इनेमल पेंट्स, सीमेंट पेंट्स, वॉल प्राइमर और पुट्टी तथा टेक्सचर एंड डिजाइन फिनिश, स्टेनर्स, पीयू वुड फिनिश तथा मेटलिक फिनिश शामिल हैं। देश भर के प्रमुख बाज़ार में 4000 से अधिक कामधेनु पेंट डीलर का मज़बूत नेटवर्क मौजूद है। कामधेनु पेंट्स अपने डीलर्स के साथ लगातार संवाद बनाये रखते हुये भावी रणनीतियों पर उनसे चर्चा करती है और उन्हें प्रोत्साहित करती है।

इसी उद्देश्य से कामधेनु पेंट्स ने जम्मू और कश्मीर के डीलर्स के साथ 10 जनवरी 2016 को 17 माइल्स होटेल, जम्मू में वार्षिक चैनल पार्टनर मीट का आयोजन किया। इस वार्षिक चैनल पार्टनर मीट में कामधेनु पेंट के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल के अतिरिक्त कंपनी के नेशनल मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव एवं श्री सुभाष नन्दा, मार्किटिंग हेड – जम्मू एण्ड कश्मीर भी शामिल हुये। जम्मू और कश्मीर के 300 से ज़्यादा डीलर्स इस आयोजन में उपस्थित थे।

कामधेनु पेंट्स के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने उपस्थित डीलरबंधुओं को संबोधित करते हुये कहा, ''जम्मू और कश्मीर का पेंट बाज़ार कंपनी के लिये हमेशा से ही प्रायोरिटी टेरिटरी में शामिल है। जम्मू कश्मीर के डीलरबंधुओ ने अपने लगन और मेहनत से कंपनी के भरोसे को सही साबित कर दिया है। पुरानी और स्थापित कंपनियें को पीछे छोड़ते हुये जम्मू–कश्मीर में बाज़ार हिस्सेदारी में आज कामधेनु पेंट्स तीसरे नंबर पर पहुँच चुकी है। कामधेनु के इमल्शन प्रोकडक्ट्स राज्य के डीलर्स को सुविधा के साथ नियमित तौर पर मिलता रहे इस मक़सद से कंपनी ने जम्मू में मेसर्स के.सी. माइन्स एण्ड मिनिरल्स के एक प्लांट की शुरूआत की है। जिसमें आधुनिक तकनीक द्वारा उच्च क्वालिटी के पेंट का निर्माण किया जायेगा। इसके साथ ही कामधेनु पेंट्स ने कन्सट्रक्शन कैमिकल एवं वुड फिनिश रेंज प्रोडक्ट भी जम्मू–कश्मीर में लॉन्च किया। इस नये प्लांट के साथ हम नये साल में नई सफलतायें हासिल करने की ओर मज़बूत क़दम बढ़ा रहे है।''

श्री राजकुमार श्रीवास्तव (नेशनल मार्केटिंग हेड) ने इस मौके पर कहा, ''कामधेनु पेंट्स का प्रयास है कि यह हर प्रकार के उपभोक्ता को उसकी पसंद और जरूरत के मुताबिक बेस्ट पेंट सौल्यूशन उपलब्ध करा सके। मुझे ये बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि अब कामधेनु पेंट्स बाज़ार में वुड कोटिंग और वाटर प्रूफिंग प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध करा रही है। जैसा कि आप सभी भली–भॉति जानते ही होंगे, राज्य में वुड कोटिंग और वाटर प्रूफिंग प्रोडक्ट्स का बड़ा बाज़ार मौजूद है। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे दोनों नये उत्पाद रेंज "केमो वुड" और "केमो डेंपप्रूफ" को प्रोमोट करते हुये आप बाज़ार के इस हिस्से पर भी अच्छी पकड़ हासिल का सकते हैं।''

इस समारोह के दौरान विभिन्न डीलर्स को उनके महत्वपूर्ण उपलब्धि के लिए पुरस्कृत किया गया। पुरस्कृत होने वाले डीलर्स थे; मेसर्स विकास ट्रेडर्स, मेसर्स संजीव हार्डवेयर, मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स, मेसर्स विशाल एजेंसीज, मेसर्स राहुल हार्डवेयर, मेसर्स शर्मा ट्रेडर्स एवं मेसर्स महेश ट्रेडर्स।



RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.01.2016





# इंजीनियरों ने सराहा कामधेनु उत्पादों को

भारत की नं. 1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु इस्पात लि. को भारत की एकमात्र अधिकृत डबल रिब्स टीएमटी रिबार KAMDHENU SS 10000 को भारतीय बाज़ार में लाने का गौरव प्राप्त है। अविष्कारी तकनीक और विश्वस्तरीय गुणवत्ता की मिसाल KAMDHENU SS 10000 को भारतीय बाज़ार में पेश करके आज कामधेनु बड़े नामों में भी सबसे ऊपर आ चुकी है। दो वर्ष के भीतर ही उपभोक्ताओं का ज़बरदस्त समर्थन पाते हुये KAMDHENU SS 10000 संपूर्ण उत्तर भारत के सभी महत्वपूर्ण बाज़ारों में अपनी शानदार उपस्थिति दर्ज करा चुका है।

टीएमटी रिबार उत्पादन में नंबर 1 भारतीय कंपनी, कामधेनु इस्पात लि० ने अपने जागरूकता कार्यक्रम के तहत 18 दिसंबर 2015 को राजस्थान के अलवर में इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स की एक बैठक का आयोजन किया। कामधेनु सेल्स प्रमोटर मेसर्स गर्ग स्टील एवं स्थानीय डीलर मेसर्स नवीन एजेन्सी, अलवर के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में ज़िले के इंजीनियर्स और आर्किटेक्ट्स की उत्साहजनक भागीदारी रही।

कंपनी की तरफ से कार्यक्रम में सीनियर मैनेजर (क्वालिटी एण्ड प्रोडक्ट) श्री योगेश वर्मा के अलावा श्री अमित कालरा, सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर, श्री मनीष सोनी, सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर, श्री विशाल सक्सेना एवं श्री हनी गोपालिया, एग्ज़ीक्यूटिव मार्केटिंग के साथ जयपुर के क्वालिटी–इन–चार्ज श्री दीपक भी शामिल हुये।

कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अधिकारी ने KAMDHENU SS 10000 की बेहतरीन गुणवत्ता के बारे में विस्तार से बताया। उपस्थित इजीनियरों ने उत्साहजनक भागीदारी दिखाते हुये कई सवाल पूछे जिसका अच्छी तरह से जवाब दिया गया। KAMDHENU SS 10000 की गुणवत्ता और फायदे जानकर उपस्थित इजीनियरों ने तहेदिल से इसकी सराहना की।

# राजस्थान में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम




भूकंप से 100 प्रतिशत सुरक्षित निर्माण के लिये सर्वाधिक उपयुक्त KAMDHENU SS 10000 आम सरिया के मुक़ाबले दुगुनी से भी अधिक मज़बूती देता है जिससे इमारतों को दुगुनी सुरक्षा मिलती है। 25 दिसंबर 2015 को में राजस्थान के अलवर ज़िले के राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को इस अनूठे उत्पाद के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से बंसुर में उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय डीलर किशन सीमेंट एजेन्सी, बंसुर के सक्रिय सहयोग तथा कामधेनु सेल्स प्रमोटर मेसर्स गर्ग स्टील की प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में समीपवर्ती क्षेत्र के निर्माण कर्मियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस कार्यक्रम में जिन कामधेनु पदाधिकारियों ने कंपनी का प्रतिनिधित्व करते हुये निर्माण कर्मियों के बीच जागरूकता बढ़ाने में अपना योगदान दिया, उनमें शामिल थे कामधेनु इस्पात के सीनियर मार्केटिंग ऑफिसर श्री मनीष सोनी एवं मार्केटिंग एग्ज़ीक्यूटिव्स श्री विशाल सक्सेना और श्री हनी गोपालिया। इस क्षेत्र के प्रतिष्ठित इंजीनियर श्री जय सिंह मीणा एवं राजनीतिक व्यक्तित्व श्री मुकेश यादव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुये।

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कामधेनु पदाधिकारियों ने कंपनी के बारे में जानकारी दी तथा KAMDHENU SS 10000 के विशेष गुणों और इसके उपयोग से मिलने वाले लाभ के बारे में उपस्थित राजमिस्त्रियों व ठेकेदारों को बताया। उपस्थित लोगों द्वारा पूछे गये कंपनी और इस उत्पाद से जुड़े सवालों का कामधेनु के पदाधिकारियों ने अच्छी तरह से समझा कर जवाब दिया। KAMDHENU SS 10000 के प्रति जागरूकता बढ़ाने में और इसकी मांग बढ़ाने में इस कार्यक्रम का अच्छा प्रभाव पड़ा।




## बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ

अमरजीत सिंह, हरजीत सिंह
मनजीत सिंह
**मेसर्स हरजीत आयरन एण्ड हार्डवेयर स्टोर**
ग्रेन मार्किट के सामने, कादियां रोड
धारीवाल–143519,
जिला – गुरदासपुर
मो– 09988964564, 9814195323

अरूण कुमार, रमन कुमार
**मेसर्स जिन्दल आयरन एण्ड सीमेंट स्टोर**
बाईपास लुधियाना रोड,
टेम्पो यूनियन के पास
मालेरकोटला, जिला संगरूर
फो– 09216653622, 9216553622

रमिन्दर सिंह
**मेसर्स न्यू गुरू नानक बिल्डिंग मैटेरियल स्टोर**
जलालाबाद रोड, कोकरी कलां
जिला – मोगा, पिनकोड 142054
मो – 09872085896, 9417101632
01636–263174

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092